Nai Dunia (Indore), 16th December 2014

# पैकेज के मामले में आगे निकला आईआईटी

**इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी आईआईटी-आई के स्टूडेंटस पैकेज के मामले में इंडियन इंस्टीटयूट ऑफ मैनेजमेंट आईआईएम-आई के स्टूडेंटस से कहीं आगे निकल गए हैं।**

» आईआईएम-आई का अभी तक का हाईएस्ट पैकेज है 34 लाख

» इस बार आईआईटी-आई के विद्यार्थी को मिला 1 करोड़ 80 लाख रुपए का पैकेज

indore@inext.co.in

**INDORE (15 Dec ):** हाल ही में आईआईटी-आई के सीएस ब्रांच के एक स्टूडेंट को गूगल ने लगभग 1 करोड़ 80 लाख रुपए का पैकेज ऑफर किया है। ये आईआईटी-आई का तो हाईएस्ट पैकेज है ही, प्रदेश में भी किसी विद्यार्थी को मिला अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। वहीं आईआईएम-आई में पिछले दो वर्षों में जो हाईएस्ट पैकेज ऑफर किया गया, वो 34 लाख है। यानी दोनों संस्थानों में पैकेज के मामले में बड़ा अंतर आ गया है।

## 12 से 14 लाख है आईआईएम का एवरेज पैकेज


आईआईएम-आई का औसत पैकेज 12 से 14 लाख रुपए है। वैसे पिछले दो वर्षों का आईआईटी-आई का औसत पैकेज देखें तो वो भी 12 से 14 लाख ही है। इसके बावजूद यदि हाईएस्ट पैकेज की बात की जाए तो आईआईटी-आई के स्टूडेंटस काफी आगे निकल चुके हैं। इस साल तो आईआईटी-आई का एवरेज पैकेज भी और ज्यादा होने की संभावना है हालांकि अभी ऑफिशियल प्रेस रिलीज जारी नहीं की गई है।

## सीएस ब्रांच के स्टूडेंट्स को मिलता है ज्यादा पैकेज

इंजीनियरिंग में भी सबसे ज्यादा पैकेज कम्प्यूटर साइंस यानी सीएस ब्रांच के स्टूडेंटस को ही मिलता है। अन्य ब्रांचों में सीएस की तुलना में पैकेज कम होता है, लेकिन भविष्य में कंपनियां इन्हें भी काफी अच्छी सैलरी ऑफर करती हैं।

## दोनों के लिए होता है टफ कॉम्पीटिशन

आईआईटी हो या आईआईएम, दोनों के लिए ही नेशनल लेवल पर काफी टफ कॉम्पीटिशन होता है। इंजीनियरिंग के कई स्टूडेंट अच्छा पैकेज पाने के लिए इंजीनियरिंग करने के बाद एमबीए भी करते हैं। कोशिश आईआईएम से ही एमबीए करने की होती है। ये सब कुछ अच्छी कंपनी व अच्छे पैकेज के लिए ही किया जाता है।




आईआईटी इंदौर के एक स्टूडेंट्स को गूगल ने 1.80 करोड़ रुपए का पैकेज ऑफर किया है। यह आईआईटी इंदौर का अब तक का सबसे बड़ा पैकेज है। इसके मुकाबले आईआईएम इंदौर का अब तक का हाईएस्ट पैकेज 34 लाख रहा है।

❝ ऐसा नहीं है कि आईआईटी में सभी स्टूडेंट्स को इतना पैकेज ऑफर किया जाता है। कुछ स्टूडेंट्स को ही ऐसा पैकेज ऑफर हो पाता है। गूगल, ओरेकल जैसी कंपनियां सॉफ्टवेयर डेवलपर्स के लिए इतने बड़े पैकेज ऑफर करती हैं। पोस्टिंग भी फॉरेन में मिलती है। इंडिया के बजाय बाहर रहने पर खर्च भी ज्यादा होते हैं। आईआईएम के स्टूडेंट्स को भी काफी अच्छा पैकेज देश में ही ऑफर हो जाता है।

-भव्या कपूर, प्लेसमेंट ऑफिसर आईआईएम इंदौर

## ❝ इस साल एवरेज पैकेज भी होगा ज्यादा

आईआईएम के बजाय आईआईटी स्टूडेंट्स को अक्सर ज्यादा पैकेज ऑफर होता है। सीएस ब्रांच के स्टूडेंट को काफी अच्छा पैकेज ऑफर होता है। दूसरी ब्रांच के स्टूडेंट्स को भी अच्छा पैकेज तो मिल रहा है, लेकिन शुरुआत में सीएस के कम्पेरिजन में कम मिल रहा है। पिछले साल से इस साल हमारा एवरेज पैकेज भी ज यादा होने की संभावना है।

-डॉ निर्मला मेनन, पीआरओ आईआईटी इंदौर

## ❝ इस बार अच्छा है सिनेरियो

प्लेसमेंट के हिसाब से इस बार माहौल काफी अच्छा है। कई कंपनियां रिक्रूटमेंट के लिए तैयार हैं। टैलेंटेड स्टूडेंट्स के लिए जॉब की कोई कमी नहीं। हमारे कॉलेज में 4 से 6 लाख एवरेज पैकेज स्टूडेंट्स को प्राप्त हो रहा है।

-निशिकांत वाइकर, प्लेसमेंट ऑफिसर आईएमएस इंदौर